

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**शिल्पा शेट्टी को HC से राहत**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 187 | रविवार, 13 अक्टूबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## गंगोत्री की टीम के प्रयास से

# दुकानदार पर हमला करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में दिन प्रतिदिन गुंडागर्दी बढ़ती ही जा रही है। यह गुंडे व नशेड़ी इन दिनों दुकानदारों को अपना निशाना बना रहे हैं। ऐसी ही एक घटना उल्हासनगर-5 भाटिया चौक पर एक नाश्ता विक्रेता के साथ घटी जहां कुछ गुंडों ने उसके दुकान में घुसकर उस पर हमला किया। नाश्ता विक्रेता श्याम कारिरा ने बताया कि गुरुवार दोपहर को कुछ युवक नाश्ता लेने उसके पास नाश्ता लेने आए और मामूली बात को लेकर दुकानदार पर 4-5 युवकों ने दुकान में घुसकर उन पर हमला किया। दुकानदार ने राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री की टीम से संपर्क किया। राकांपा के पदाधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस की मदद से हमलावरों पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। व्यापारियों-दुकानदारों की असुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। आए दिन शहर में व्यापारियों पर हो रहे हमले चिंताजनक है।

## क्राइम डायरी...

### बंदूक साफ करते लगी गोली, बिल्डर गायकर व बेटा जख्मी



**कल्याण.** गुरुवार शाम को कल्याण के चिकन घर परिसर में अपने कार्यालय में बैठे बिल्डर मंगेश गायकर अपनी लाइसेंस पिस्तौल को साफ कर रहे थे कि अचानक उसमें से गोली चल गई। बिल्डर मंगेश के हाथ में गोली लगी और पास में बैठे मंगेश के बेटे को भी कुछ कांच के टुकड़े लगे हैं। ऐसी जानकारी पुलिस ने दी है। दोनों घायलों को उपचार हेतु मीरा अस्पताल में दाखिल किया गया है। पुलिस ने कहा कि हम कार्यालय में लगे सीसीटीवी की मदद से आगे की जांच करेंगे। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं। हाल ही में अभिनेता गोविंदा भी इसी प्रकार की घटना के शिकार हुए थे। इस गोलीबारी से कल्याण में खलबली मच गई है।

# खतरनाक एवं अवैध भवनों के नियमितीकरण का नया आदेश

## नेता श्रेय लेने में जुटे | अधिकारियों की लापरवाही से अवैध निर्माण जोरों पर

- **वर्षों से प्रलंबित है नियमितीकरण का मामला**




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में खतरनाक और अनधिकृत इमारतों के नियमितीकरण का विषय लंबे समय से लंबित था। महानगर पालिका के टाउन प्लानिंग विभाग के सहायक निदेशक ललित खोब्रागड़े ने लगातार सरकार के सामने नियमितीकरण का मुद्दा रखा, जिसके बाद अब एक नया आदेश पारित हुआ है. अब यह मामला जल्द ही हल हो जाएगा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसका श्रेय लेने के लिए शहर के नेता लगे हुए हैं।

महाराष्ट्र सरकार के राजस्व विभाग, मंत्रालय ने नए पारित अध्यादेश में अधिभोग दर निर्धारण के संबंध में उल्हासनगर मनपा में अनधिकृत और खतरनाक इमारतों के नियमितीकरण और पुनर्वास के संबंध में ठाणे जिले के कलेक्टर को एक पत्र दिया है। इस बीच, उपरोक्त विषय के संबंध में कलेक्टर, ठाणे द्वारा संदर्भ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार सरकार ने निर्णय लिया है।

उल्हासनगर शहर में अनधिकृत विकास कार्यों के नियमितीकरण के अनुसरण में उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर के साथ 10 प्रतिशत की एक फ्लैट दर पर भूमि अधिभोग शुल्क जमा किए जाने के बाद उपरांत अतिक्रमित शासकीय भूमि से संबंधित अतिक्रमणकारियों के नाम, उल्हासनगर शहर में अनधिकृत विकास अधिनियम, 2006 नियम क्रमांक. 5 शक्तियों को हस्तांतरित करने के लिए उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर प्रभाग, उल्हासनगर को अधिकृत किया जा रहा है।

तदनुसार, उल्हासनगर शहर में अनधिकृत विकास कार्यों को विनियमित करने के लिए उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर, अधिनियम 2006 नियम क्र. 5 के अनुसार अतिक्रमण धारक को जारी किए जाने वाले अधिभोग प्रमाण पत्र का एक नमूना इसके साथ संलग्न अनुबंध-ए में उल्लिखित है।

संबंधित अतिक्रमण धारक से 'डी' प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधिभोग हस्तांतरण की कार्यवाही तत्काल की जाये। सरकार के इस फैसले से अनधिकृत निर्माणों और खतरनाक इमारतों को नियमित करने का मामला साफ होने वाला है. ये सभी प्रयास शहरी नियोजन विभाग के सहायक निदेशक, प्रमुख ललित खोब्रागड़े द्वारा किए गए हैं।

### झोलाछाप बिल्डर व आर्किटेक्ट सेक रहे रोटियां

उल्हासनगर शहर में नियमितीकरण और पुनर्विकास के कार्य की आड़ में शहर में कुछ झोलाछाप बिल्डर व ठेकेदार कुछ आर्किटेक्ट की मिलीभगत से अपनी रोटियां सेक रहे हैं और फ्लैट धारकों से कौड़ियों के दाम में पुरानी व धोकादायक इमारतें ले रहे हैं। इन बिल्डरों को किसी भी तरह का अनुभव न होने के कारण कई इमारत निवासी उनके शिकार हुए हैं। या तो बिल्डिंग का कार्य बंद है या तो झोलाछाप बिल्डर नकली कागजात बनाकर पैसे ऐठ रहा है। इनमें कुछ नामचीन बिल्डर भी मनपा अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अवैध निर्माण खड़े कर रहे हैं। जिस तरह कैम्प 5 में झलक का प्रोजेक्ट लटका हुआ है उसी तरह शहर के कई प्रोजेक्ट झोलाछाप बिल्डरों ने मनपा अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके इमारत को तोड़कर इमारत के प्लाट पर कब्जा कर फ्लैट धारकों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। ऐसे बिल्डरों का जल्द भंडाफोड़ होने वाला है।

# हिललाइन पुलिस ने लौटाए 25 मोबाइल



- **चोरी हुए मोबाइल मिलने पर खुशी**
- **4 लाख के मोबाइल लौटाए**



**उल्हासनगर.** दशहरा पर्व पर हिललाइन पुलिस थाने की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के तहत चार लाख रुपये के 25 खोए हुए मोबाइल बरामद किए गए और उन्हें उनके असली मालिकों को सौंपा गया। इस पहल से कई मोबाइल धारक बहुत खुश हुए और उन्होंने पुलिस का आभार प्रकट किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने बताया कि इन मोबाइलों की बरामदगी उत्तरप्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मोबाइल पाने वालों ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और पुलिस की तत्परता की सराहना की। दशहरा के मौके पर हुई इस सराहनीय पहल से नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है, साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि पुलिस हर संभव मदद के लिए हमेशा तत्पर है।

## बिजली बिल में बढ़ोतरी और बिजली कटौती के विरोध में

# महावितरण कार्यालय पर कांग्रेस ने निकाला विरोध मोर्चा




**उल्हासनगर.** बिजली बिलों में बढ़ोतरी, बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने आदि के विरोध में शहर कांग्रेस ने शुक्रवार दोपहर आकाश कॉलोनी स्थित महावितरण कार्यालय पर विरोध मार्च निकाला। प्रतिनिधिमंडल ने महावितरण के अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता दिलीप कुमार कुंभारे से चर्चा की है और एक ज्ञापन दिया है.

उल्हासनगर कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं और नागरिकों ने बीज बिल में बढ़ोतरी, बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने, सबस्टेशन के आंशिक काम आदि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है. मोर्चे में शामिल महिलाओं और नागरिकों ने महागठबंधन सरकार और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विद्युत अभियंता कुंभारे के समक्ष समस्याएं रखीं.

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता दिलीप कुमार बाबूराव कुंभारे, विद्युत अधिकारी प्रवीण चकोले, जीतेंद्र फुलपगारे से चर्चा कर लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का बयान जारी किया. इस मोर्चे में पूर्व नगरसेविका अंजलि साल्वे, महिला जिला अध्यक्ष मनीषा महाकाले, सीमा आहूजा, सिंधुताई रामटेके, सेवादल अध्यक्ष शंकर आहूजा, ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धड़के, नानिक आहूजा, महेश आहूजा, महादेव शेलार, राजेश फक्के, दीपक सोनोने, आसाराम टाक, नारायण गेमनानी, रोहित ओहाल, शैलेन्द्र रूपेकर, विशाल सोनावणे, संतोष मिंदे, आबा साठे, आबा पगारे, मनोहर मनुजा, नाना अहिरे आदि सहित सैकड़ों महिलाएं और नागरिक शामिल हुए।

# अंबरनाथ में किणीकर विरुद्ध वालेकर का नतीजा आया सामने

- **संदीप भराडे ने 'भावी आमदार' का बैनर लगाया**
- **शिवसेना शिंदे पक्ष में दरार के आसार**

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के शिवसेना के पूर्व नगरसेवक एड. संदीप भराडे का अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में 'भावी आमदार' का बैनर दिखाई दे रहा है. वह अब खुलकर शिवसेना शिंदे गुट के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में उतरेंगे. ऐसा शहर में अंदाजा लगाया जा रहा है जबकि वह स्वतः शिवसेना गट के नेता हैं. अंबरनाथ में गत कुछ महिनों से किणीकर और वालेकर के बीच बड़ी खाई निर्माण हो गई है. वालेकर ने पिछले दिनों ये बयान भी दिया था कि वह विधानसभा चुनाव में एक बड़ी हांडी फोड़नेवाले हैं और भस्म आरती करेंगे. ये सीधा इशारा किणीकर की तरफ था और अब जबकि वालेकर के निष्ठावंत कार्यकर्ता एड. संदीप भराडे ने विधानसभा क्षेत्र में बैनरबाजी शुरू करके ये बता दिया है कि वह




किणीकर को खुला चैलेंज कर रहे हैं. भराडे ने पत्रकारों को बताया कि सन 2019 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने चुनाव का टिकट मांगा था. सांसद श्रीकांत शिंदे से भेंट भी की थी. अब फिर से 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने शिवसेना शिंदे गट से उम्मीदवारी मांगी है. उन्होंने कहा है कि इसमें कोई शक नहीं है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सांसद शिंदे द्वारा विकास कार्य हुआ है. लेकिन इसके लिए विधायक पीछे रह गए हैं. झोपड़ावासियों, गांव खेड़ों में जो विकास कार्य होना चाहिए था, वह विधायक ने नहीं किया है. ऐसा आरोप उन्होंने खुलकर किणीकर पर लगाया है. भराडे ने कहा कि पक्ष निष्ठा के साथ हम सब कार्य कर रहे हैं. उनसे पूछा गया कि अगर पक्ष ने उम्मीदवारी उन्हें नहीं दी तो वह क्या करेंगे, भराडे ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो वह अपने पक्ष श्रेष्ठी और कार्यकर्ता से चर्चा करके आगे का निर्णय लेंगे.

# टिटवाला में रिक्शा चालक से मारपीट, यात्री की मौत

- **50 रुपए के फटे नोट को लेकर हुआ विवाद**

**कल्याण.** टिटवाला में गुरुवार रात एक यात्री ने रिक्शा चालक को 50 रुपए का नोट दिया। यह नोट फटा हुआ है. इसी बात पर रिक्शा चालक और यात्री में तीखी नोकझोंक हो गई। इस मारपीट में यात्री की मौके पर ही मौत हो गई.

मृतक यात्री की पहचान अंशुमन शाही के रूप में की गई है. आरोपी रिक्शा चालक का नाम राजा भोईर है. मृतक शाही परिवार के साथ हरिओम वैली परिसर में रहते थे. गुरुवार रात को काम से लौटने के बाद वह हमेशा की तरह घर आने के लिए टिटवाला रेलवे स्टेशन से रिक्शा लिया. घर के पास रिक्शे से उतरकर अंशुमान शाही ने रिक्शा चालक राजा भोईर को 50 रुपये का नोट दिया. राजा द्वारा दिया गया नोट फटा हुआ है कहकर रिक्शा चालक ने उग्र होकर नोट बदलने की मांग की. राजा भोईर ने कहा कि उसके पास अतिरिक्त छुट्टे पैसे नहीं है. अगर यह नोट नहीं चलेगा तो वह इसे वापस ले लेंगे। इस फटे नोट को लेकर यात्री अंशुमन और रिक्शा चालक राजा भोईर के बीच सड़क पर झगड़ा हो गया. भोईर ने शाही को बेरहमी से पीटा। यह देख राहगीर और आवासीय परिसर के लोग बाहर निकल आए। मारपीट के बाद अंशुमान शाही रोड पर बेहोश होकर गिर पड़ा। परिवार के लोग और कुछ राहगीर अंशुमान को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टिटवाला पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम ने कहा कि रिक्शा चालक के साथ झगड़े के बाद यात्री अंशुमन शाही की हृदय गति रुकने से मौत हो गई. हमने रिक्शा चालक राजा भोईर को गिरफ्तार कर लिया है।

# दादी को पोते ने पीट-पीटकर मार डाला

**ठाणे.** एक 77 वर्षीय दादी के साथ उसके 20 वर्षीय पोते ने पीट पीटकर हत्या कर दी . बताया गया कि उसकी दादी ने उससे चोरी गए रुपयों के बारे पूछा था। बताया गया कि उसकी दादी को पेंशन मिली थी जिसमें से 12,000 रुपये अचानक घर से गायब हो गए थे. उसकी दादी को शक था कि चोरी उसके पोते ने की है. अपनी दादी की हत्या के आरोपी का नाम अभि चौहान है. इस मामले में अभि के खिलाफ श्रीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है. दयावती चौहान (77) वागले एस्टेट के साठेनगर इलाके की एक चाली में रहती थीं। अभि चौहान अपनी मां और बहन के साथ ऊपरी मंजिल के मकान में रहता है। दयावती के पति सेना में थे। उनकी मृत्यु के बाद दयावती को उनकी पेंशन के मिले 12 हजार रुपये अचानक गायब हो गया. इसलिए दयावती अक्सर अभि को गाली देती थी। बुधवार दोपहर करीब एक बजे अभि दयावती के घर गया। इसके बाद उसने दादी को पीटना शुरू कर दिया. आख़िरकार उसने अपनी दादी को पीट पीट कर मार डाला । फिर उसने दरवाज़ा खोला और बाहर चला गया.

# अंबरनाथ नपा पर जबरदस्त निषेध मोर्चा

- **100 मीटर का रास्ता अज्ञात द्वारा खोदे जाने के निषेध**
- **नपा के विरुद्ध नारेबाजी**

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद परिसर के शहर पश्चिम में गणेश मंदिर से साईबाबा मंदिर तक अज्ञात व्यक्ति ने नपा की अनुमति के बिना मुख्य सड़क को बुलडोजर से 100 तक खोद कर रख दिया है. खुंटवली के पूर्व नगरसेवक संदीप लोटे ने ऐसा गैरकानूनी कार्य किए जाने पर उस अज्ञात व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करने एवं उस पर अपराध दाखिल करने की मांग 3



अक्टूबर को एक शिकायती पत्र देकर की थी. लेकिन नपा मुख्याधिकारी द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर संदीप लोटे, विकास सोमेश्वर, रवि करंजुले, नामदेव लोटे, अमरीश गौड़ा, राहुल सोमेश्वर व अन्य ने शुक्रवार को नपा कार्यालय पर एक मोर्चा निकाल कर अपने शर्ट निकालकर ठिय्या आंदोलन किया और नपा प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की. मोर्चे में दो पोतराज अपने आपको हंटर मार रहे थे. महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं. संदीप लोटे एवं विकास हेमराज ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने रास्ता खोदकर नपा का इतना बड़ा नुकसान करने के बावजूद और नपा को पत्र देने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने पर प्रशासन को नींद से जगाने के लिए ये निषेध मोर्चा निकाला गया है. नपा प्रसासन ने नेताओं को आश्वासन दिया है कि उस अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

# तलोजा जेल के कांस्टेबल के टिफिन में मिले मादक पदार्थ




**नवी मुंबई.** तलोजा जेल के कर्मचारियों ने जेल से जुड़े एक कांस्टेबल को टिफिन बॉक्स में ड्रग्स छिपाकर तलोजा जेल में चरस, एमडीएमए और गांजा सहित ड्रग्स की तस्करी करने के प्रयास में पकड़ा। आरोपी कांस्टेबल की पहचान अनिल आसाराम जाधव (38) के रूप में हुई है, जिसे जेल से जुड़े एक अन्य कांस्टेबल जयवंत लहू जाधव ने सुरक्षा जांच के दौरान पकड़ा। जाधव के टिफिन बॉक्स से करीब 10.08 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद उसे खारघर पुलिस को सौंप दिया गया और आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को 12 पुलिस कर्मियों ने शाम 5:30 बजे तलोजा जेल में नाइट ड्यूटी के लिए रिपोर्ट किया।

नियमों के अनुसार, ड्यूटी पर मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों की जेल के पहचान परेड रूम में जांच की जा रही थी। पुलिस कांस्टेबल जयवंत जाधव वरिष्ठ अधिकारियों के सामने सभी अधिकारियों का निरीक्षण कर रहे थे, तभी उन्होंने अनिल जाधव द्वारा लाए गए खाने के बैग की जांच शुरू की। निरीक्षण के दौरान, अनिल जाधव ने बैग को छिपाने का प्रयास किया, जिससे जयवंत जाधव को संदेह हुआ। पूरे बैग की गहन तलाशी लेने पर, उन्हें पता चला कि अनिल जाधव ने भोजन कंटेनर के नीचे एक प्लास्टिक बैग में ड्रग्स छिपाए थे। इसके बाद, जेल अधिकारियों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया और उसके द्वारा लाई गई ड्रग्स को जब्त कर लिया। उन्होंने खारघर पुलिस को भी घटना के बारे में सूचित किया, जो फिर तलोजा जेल पहुँची और उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने 8.68 लाख रुपये की कीमत की 123.87 ग्राम चरस, 1 लाख रुपये की कीमत की 2.29 ग्राम MDMA और 40,000 रुपये की कीमत की 40.57 ग्राम गांजा, साथ ही गांजा पीने के लिए पाँच रोलिंग पेपर जब्त किए। प्रथम दृष्टया, पुलिस को संदेह है कि उसने कुछ कैदियों के बीच वितरित करने के लिए ड्रग्स प्राप्त की थी। खारघर पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैशाली गलांडे ने कहा, हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हम उससे आगे की पूछताछ कर रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि उसने ड्रग्स किससे प्राप्त की थी और वह किसे देने की योजना बना रहा था।

# कल्याण में यातायात जाम की समस्या अधिक जटिल

- **त्योहारों के दौरान अधिक ट्रैफिक जाम**

**कल्याण.** कल्याण शहरवासियों के लिए ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। त्योहारों के दौरान यह जाम और भी बदतर हो जाता है। दशहरे की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ है और गुरुवार को पूरे दिन कल्याण के दुर्गाड़ी चौक, लालचक्की, सदानंद चौक, शिवाजी महाराज चौक के स्ट्रीट मार्केट इलाकों में लोगों की भीड़ लगी रही। परिणामस्वरूप, स्टेशन जाने वाले यातायात में व्यवधान के कारण कल्याणकरों को कल्याण में भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा।

पिछले सप्ताह से चल रहे नवरात्रि उत्सव के कारण कल्याण के सभी चौक-चौराहों और सड़कों पर जाम लगा हुआ है, कल्याणकों को जाम से कब राहत मिलेगी? ऐसे प्रश्न नागरिकों द्वारा पूछे जा रहे हैं। कल्याण में चल रहे दुर्गाडी माता नवरात्रि उत्सव के कारण कल्याण शहर से डोंबिवली की ओर जाने वाले यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। नतीजतन, शहर के सभी



चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है. इसके अलावा स्टेशन क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के तहत विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं। इसलिए शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए ट्रैफिक विभाग ने कल्याण स्टेशन आने और स्टेशन से बाहर निकलने वाली सड़कों को सिंगल लेन बना दिया है. लेकिन, बेलगाम वाहन चालकों व अनाधिकृत ठेला-खोमचावालों के कारण इस सिंगल रोड पर आड़ी-तिरछी गाड़ियां लगाकर सड़क जाम करने की कोशिश की जा रही है.

भारी वाहनों के कारण कल्याण शहर में जाम लग गया. इसके कारण शहर के दुर्गाडी चौक, लाल चौकी, आधारवाड़ी चौक, शिवाजी चौक, सहजानंद चौक, स्टेशन क्षेत्र, बालधुनी क्षेत्र में ट्रैफिक प्लानिंग की कमी के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी. वर्तमान में शहर से भीड़भाड़ कम करने के लिए पत्रीपुल, दुर्गाडी ब्रिज, शहाड ब्रिज, न्यू गोविंदवाड़ी बाईपास हाईवे आवश्यक था। लेकिन शिवाजी चौक, सहजानंद चौक थाना क्षेत्र में काफी जाम रहता है. यातायात को अनुशासित करने में ट्रैफिक पुलिस की विफलता के कारण समस्या बेकाबू हो गई है। चूंकि आए दिन जाम लगता है, इसलिए अधिकारियों व कर्मचारियों को जाम से निपटने के लिए योजना बनाना जरूरी है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## हर वर्ग का रखा ध्यान

वे देश के शीर्ष उद्योगपतियों में से एक होने के साथ-साथ संवेदनशील और परोपकारी इंसान भी थे। उन्होंने असफलता के दौर से गुजर कर सफलता के कई नए अध्याय लिखे और अपनी विलक्षण दूरदृष्टि से टाटा समूह के कारोबार को सहेजा और आगे बढ़ाया। उद्योग जगत के एक पुरोधा के समांतर एक संवेदनशील इंसान के रूप में भी अपनी पहचान बनाने वाले रतन टाटा कारोबार की नब्ज पहचानते थे। उन्हें एक मायने में स्वप्नद्रष्टा कारोबारी माना जा सकता है। उनके पास कई सपने थे और जब वे उन्हें साकार करने की कोशिश में जुट जाते, तो फिर पीछे नहीं हटते थे।

दरअसल, वे नाकामियों से हार मानने वाले व्यक्ति नहीं थे। उन्होंने नफा-नुकसान की परवाह किए बिना खामोशी से अपना काम किया। एक लाख रुपए वाली नैनो कार उन सपनों में से है, जिसके तहत उनकी इच्छा थी कि निम्न आय वर्ग के पास भी अपनी कार हो। उन्होंने विमानन कंपनी एअर इंडिया को नए पंख दिए।

इसके अलावा, सूचना क्रांति सहित रतन टाटा की अन्य पहलकदमियों ने मध्यवर्ग से लेकर गरीब तबकों के सपनों में रंग भरे। उन्होंने 'बोर्ड रूम' की बैठकों से आगे निकल कर मानवीय मूल्यों को लेकर प्रतिबद्धता और अपनी विनम्रता से एक गहरी छाप छोड़ी। उनकी नेकदिली और सादगी सभी का ध्यान आकृष्ट करती थी।

पूर्वजों से मिली विरासत को उन्होंने एक नई ऊंचाई दी। रतन टाटा ने मार्च 1991 से लेकर दिसंबर 2012 तक टाटा समूह की अगुआई की। उन्होंने जेआरडी टाटा के अवकाश ग्रहण के बाद समूह के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। इस पद पर वे बाईस साल तक रहे और अपने कुशल नेतृत्व में उन्होंने पूरी दुनिया में टाटा समूह का कारोबार फैलाया।

आज विश्व के सौ देशों में समूह का कारोबार फैला है तो इसके पीछे उनका ईमानदार नेतृत्व, व्यावसायिक दूरदर्शिता और सूझबूझ है। वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा दान करते रहे। जो समाज से लिया, उसे लौटाने में उनका विश्वास रहा। चर्चा और चकाचौंध से दूर रहने वाले रतन टाटा को यश और दौलत का कभी गुमान नहीं रहा। उनकी सादगी के अनेक किस्से मशहूर हैं और उन्हें वक्त की पाबंदी के लिए भी जाना जाता है। अपनी सहजता-सरलता और जीवन मूल्यों के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे।

# कांग्रेस की स्थिति कमजोर; भाजपा को नई ऊर्जा



जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ अप्रत्याशित एवं स्तब्ध करने वाले रहे। ऐसा इसलिए, क्योंकि जहां जम्मू-कश्मीर में यह माना जा रहा था कि वहां किसी पार्टी या गठबंधन को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा और विधानसभा का स्वरूप त्रिशंकु हो सकता है, वहीं हरियाणा में कांग्रेस की जीत बहुत आसान लग रही थी।

कई राजनीतिक पंडितों से लेकर एक्जिट पोल भी इसी ओर संकेत कर रहे थे, लेकिन मतगणना के दिन कहानी पलट गई।

जहां पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद पहली बार हुए जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस यानी नेकां और कांग्रेस गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिल गया वहीं हरियाणा में भाजपा ने एक तरह से हारी हुई बाजी पलट कर इतिहास रच दिया।

अपनी स्थापना के बाद से हरियाणा में लगातार तीसरी बार कोई सरकार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई और राज्य के तमाम समीकरणों को धता बताते हुए भाजपा ऐसा झंडा गाड़ने में कामयाब रही है। चुनाव नतीजों की पड़ताल से पहला बिंदु यही उभरता है कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षा से कुछ अधिक सफलता मिलने पर कांग्रेस जहां अति-आत्मविश्वास की शिकार हो गई, वहीं भाजपा ने संसदीय चुनाव में अपेक्षाकृत सफलता न मिलने के बाद अपनी कमियों को चिह्नित कर उन्हें सुधारने की दिशा में काम किया।

कांग्रेस किसान-जवान और पहलवान से जुड़े अपने अभियान से बने माहौल के भरोसे रही तो भाजपा ने अपनी महीन रणनीति से प्रतिकूल परिस्थितियों को ही पलट दिया। पार्टी के भीतर उपजे ऊहापोह, असंतोष और अनिश्चितताओं को कांग्रेस दूर नहीं कर पाई, तो भाजपा ने एकजुट होकर सोशल इंजीनियरिंग के समीकरणों को दुरुस्त करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट के जरिये बाजी अपने नाम की। कांग्रेस जिस जाट वोट बैंक को अपनी ताकत मानकर चल रही थी, भाजपा ने उसे ही कांग्रेस की कमजोरी बना दिया। अखाड़ा तो कांग्रेस ने सजाया था, लेकिन जीत का सेहरा भाजपा के सिर बंधा।

इस जनादेश से उसी रुझान की पुष्टि हुई, जो लोकसभा चुनावों के समय भी दिखा था और वह यह कि देश की राजनीति अब दो-ध्रुवीय अधिक होती जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से दो दलों या गठबंधनों के बीच ही मुकाबला देखने को मिल रहा है और तीसरे मोर्चे के लिए गुंजाइश सिकुड़ती जा रही है। लोकसभा चुनावों में भी जो दल राजग या आईएनडीआईए का हिस्सा नहीं थे, उनकी सफलता बहुत सीमित रही।

जम्मू-कश्मीर एवं हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी यही सामने आया। जम्मू-कश्मीर में दस साल पहले हुए विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ा दल रही महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी महज तीन सीटों पर सिमट गई और पार्टी की परंपरागत सीट से इल्तिजा मुफ्ती तक चुनाव हार गईं। इसी तरह इंजीनियर राशिद और अन्य छोटी पार्टियों के हिस्से भी सफलता नहीं आई।

गौर से देखें तो कांग्रेस का प्रदर्शन भी पिछली बार से खराब रहा, लेकिन गठबंधन की वजह से वह सत्ता में साझेदार रहेगी। हरियाणा के पिछले चुनाव में दस सीटों के साथ किंगमेकर बनकर उभरी जननायक जनता पार्टी यानी जजपा का इस बार खाता भी नहीं खुल पाया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तक की जमानत जब्त हो गई और वह दस हजार वोट नहीं हासिल कर पाए।

चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन भी उनके लिए किसी काम का नहीं रहा। उनके परिवार से जुड़ी इनेलो की हालत भी पस्त रही और पार्टी के मुखिया अभय चौटाला भी चुनाव हार गए। हालांकि किसी तरह पार्टी की झोली में दो सीटें आईं। इनेलो ने इस चुनाव में बसपा के साथ गठबंधन किया था। हालांकि हरियाणा में प्रमुख दलों के बागी इक्का-दुक्का सीटों पर जीत गए, पर उन्होंने भी जीतने के बाद भाजपा को समर्थन दे दिया है। इससे राज्य में भाजपा का आंकड़ा 51 तक पहुंच गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि दोनों राज्यों के चुनावी नतीजों का असर आगामी विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। आईएनडीआईए में कांग्रेस की स्थिति कमजोर होने के साथ ही सियासी मोलभाव की उसकी ताकत घटेगी।





यदि हम अपने सच्चे स्वरूप को जान जायें, तो हम कहीं भी अंधकार नहीं पायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बेमिसाल उद्यमी

देश के एक उज्ज्वलतम उद्यमी रतन नवल टाटा की विदाई से जो शून्य बना है, उसकी पूर्ति कभी नहीं हो पाएगी। उनके चले जाने से जो शोक की लहर उठी है, वह दुर्लभ है। पूंजीवाद के गलाकाट दौर में एक रतन टाटा होना क्या मायने रखता है, यह अपने आप में आर्थिक और समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय है। ऐसे उद्यमी किस माटी से बनते हैं? उन्हें किन जीवन मूल्यों की जरूरत होती है? ऐसे उद्यमियों को कौन सा शिक्षा संस्थान सीखा-पढ़ाकर तैयार करता है? नमक से लेकर बस तक आप टाटा के उत्पाद गिनते चले जाएंगे और कहीं भी आपको निराशा का एहसास नहीं होगा। जिस दौर में देश के ज्यादातर युवा उद्यमी अरबपति बनते ही विदेश जा बसने को लालायित हैं, वहीं यह याद रखना चाहिए कि रतन टाटा विदेश से पढ़कर लौटे, तो अपने देश के होकर रह गए। इसी देश से कमाया, तो इसी देश को लौटाया। आज के युवाओं को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए, जो रतन टाटा कह गए हैं, 'अगर आप तेज चलना चाहते हैं, तो अकेले चलिए और अगर बहुत आगे जाना चाहते हैं, तो साथ चलिए।'

रतन टाटा की व्यावसायिक भावभूमि को समझना होगा। एडम स्मिथ ने दुनिया को पूंजीवाद समझाया, तो कार्ल मार्क्स व फ्रेडरिक एंजेल्स ने साम्यवाद का पाठ पढ़ाया, पर गांधीजी ने दोनों में से कुछ-कुछ लेकर अपना



'हिंद स्वराज' गढ़ा। इसी 'हिंद स्वराज' के ईदगिर्द भारत में अनेक आला कंपनियों ने आजाद भारत को अभावों से निकालकर आगे ले जाने का जोश-जज्बा-जुनून दिखाया। यह कैसे भुला दिया जाए कि जब गांधीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका में बिगुल बजाया, तब भारत से मदद करने वालों में टाटा परिवार सबसे आगे था। यह समृद्ध इतिहास है कि स्वतंत्रता सेनानियों की खूब मदद करने वाले जमशेदजी रतनजी दादाभाई टाटा ने अपनी छत्रछाया में ही अपने योग्यतम भतीजे रतन नवल टाटा को सिखाया और आगे बढ़ाया था। रतन टाटा ने अपने उद्यम के किसी भी मोड़ पर अपनी कंपनी या देश को निराश नहीं किया। ऐसा अक्सर देखा गया है कि कोई उद्यमी कंपनी को ठीक से संभालता है, तो देश उसके लिए प्राथमिक नहीं रह जाता, पर रतन टाटा जो संतुलन साधकर चले हैं, वह हमेशा मिसाल रहेगा। वह जानते थे कि यह देश संभावनाओं से भरपूर है और कहते थे, 'मैंने अक्सर महसूस किया है, भारतीय बाघ को अभी आजाद नहीं किया गया है।' कैसे भुला दिया जाए कि जब कोरोना की डेल्टा लहर देश में रोज सैकड़ों लोगों की बलि ले रही थी; जब अनेक उद्यमी सौ का सामान हजार में बेच रहे थे, तब रतन टाटा उत्पादन रोककर देश को ऑक्सीजन देने में जुटे थे?


एक उद्योग समूह और एक बेहद अमीर परिवार को कैसे समर्पण भाव से साथ लेकर आगे बढ़ा जाता है, यह रतन टाटा बखूबी सिखा गए हैं। विगत दशकों में हमने अनेक योग्य उद्यमियों को अपनी कंपनी पर कब्जा जमाते, बादशाहत दर्शाते देखा है, पर ध्यान रहे, व्यक्तिगत रूप से रतन टाटा के पास अपनी कंपनी का एक प्रतिशत शेयर भी नहीं था। उनके नेतृत्व में टाटा समूह नित नई बुलंदियों पर चढ़ता चला गया। विशाल टाटा परिवार उत्तराधिकारी खोज लेगा, पर रतन टाटा की विरलता सदैव प्रतिमान रहेगी। वह कहते थे, 'जिस दिन मैं उड़ने में सक्षम न रहूंगा, वह दिन मेरे लिए सबसे दुखद होगा।' दुर्भाग्य, वह दिन आ गया, पर उनको याद करने की सार्थकता इसी में है है कि उनकी व्यापक विरासत को विस्तार दिया जाए।

# 'उम्र सिर्फ संख्या है!' बुजुर्ग कपल ने किया डांडिया

**जरा हट के**

नवरात्रि के मौके पर गुजराती लोग डांडिया न करें, ऐसा तो हो नहीं सकता. डांडिया इतना पॉपुलर डांस फॉर्म हो चुका है कि अब सिर्फ गुजरात में ही नहीं, दिल्ली-लखनऊ तक में डांडिया नाइट्स का आयोजन होता है, और लोग बड़े उत्साह के साथ मिलकर डांडिया करते हैं. इन दिनों एक बुजुर्ग कपल का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो भीड़ में डांडिया करते नजर आ रहे हैं. उनकी ऊर्जा देखकर युवा भी हैरान हैं. लोगों का कहना है- 'उम्र सिर्फ संख्या है!'

इंस्टाग्राम यूजर तनीष शाह ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें दो बुजुर्ग कपल गजब का डांडिया करते नजर आ रहे हैं. उनके डांस को देखकर लोग हैरान हैं. तनीष ने वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- गुजरातियों के लिए डांडिया सिर्फ त्योहार नहीं है, उससे कहीं ज्यादा है, ये इमोशन है. ये जादू है और इन खास मोमेंट्स का कोई विकल्प नहीं है. वीडियो में उन्होंने रेडियंस डांडिया-मुंबई को टैग किया है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये मुंबई में किसी जगह का वीडियो है.



वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि बुजुर्ग कपल ट्रडीशनल कपड़ों में हैं. भीड़ में दोनों डांडिया खेल रहे हैं. दोनों के सफेद बाल और झुका हुआ शरीर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो 60 साल से ज्यादा ही उम्र के हैं, मगर इतनी उम्र में भी ऐसा जोश और उत्साह देखने लायक है. इस वजह ये युवा भी उनसे खूब इंस्पायर हो रहे हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं.

इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक यूजर ने कहा कि वो भी अपने पार्टनर के साथ ऐसा ही फ्यूचर चाहती है. वहीं एक ने कहा कि उम्र सिर्फ संख्या है. एक ने कहा कि ये दादा-दादी बेहद कूल हैं. एक ने कहा कि ये दोनों तो स्टार्स से कम नहीं हैं. एक ने कहा कि ये इंटरनेट पर अब तक का सबसे क्यूट वीडियो है.

# घर में लगा रहे बोनसाई का पौधा

- तो सही दिशा के साथ देखरेख में रखें इन बातों का ख्याल
- वास्तु दोष भी होगा दूर

घर के वातावरण को हरा-भरा, प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए इंडोर प्लांट्स लगाना जरूरी होता है. कई ऐसे पौधे होते हैं, जो घर की हवा को शुद्ध करते हैं, ऑक्सीजन का संचार करते हैं. इतना ही नहीं ये वास्तु के हिसाब से भी काफी फायदेमंद होते हैं. ऐसा ही एक पौधा है बोनसाई का पौधा. अधिकतर लोग बोनसाई का पौधा अपने घर और ऑफिस डेस्क पर सजा कर रखते हैं. यह खूबसूरत तो लगता ही है, घर के लिए शुभ भी होता है. हालांकि, अधिकतर लोग बोनसाई का पौधा रख तो लेते हैं, लेकिन सही दिशा में नहीं रखते. इससे फायदा नहीं होता बल्कि तरक्की में बाधा उत्पन्न हो सकता है. ऐसे में इसे किस दिशा में रखना चाहिए, देखरेख कैसे करें और बोनसाई प्लांट रखने से क्या वास्तु दोष दूर होता है, जानें यहां.

आजकल जगह की कमी इतनी हो गई है कि लोग घर, ऑफिस, कॉम्प्लेक्स, पिकनिक स्पॉट, पार्क, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग आदि में गमलों में पेड़-पौधे लगाते हैं. बोनसाई के पौधों को विशेष तकनीक के द्वारा गमलों में लगाया जाता है. इन पौधों की ऊंचाई और फैलाव बहुत कम होता है, परंतु इनमें फल और पुष्प आदि सामान्य पौधों के समान ही प्राप्त किए जा सकते हैं।.

### सही दिशा का रखें बोनसाई का पौधा

वास्तु नियमों के अनुसार, अगर घर या कार्यालय में उचित दिशा का ध्यान रखते हुए बोनसाई पौधे लगाए जाएं तो इनका शुभ प्रभाव देखने को मिलता है. पूर्व दिशा में तुलसी, पश्चिम में शाक-सब्जी, उत्तर में हरी कोमल दूब या घास और दक्षिण में बड़े पत्तों वाले पौधे जैसे मनी प्लांट लगाने चाहिए. इसी प्रकार उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में हरी दूब घास, दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) में जलीय छायादार पौधे, दक्षिण-पश्चिम दिशा (नैऋत्य कोण) में भारी तने या पत्ते वाले पौधे तथा उत्तर-पश्चिम दिशा (वायव्य कोण) में वायु को शुद्ध करने वाले पौधे लगाना शुभ एवं श्रेष्ठ रहता है.

### रखरखाव

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार, अगर घर, रेसिडेंशियल बिल्डिंग, ऑफिस में बोनसाई पौधे लगाने वाले हों तो बेहद जरूरी है कि पौधे को पर्याप्त खाद और सूरज की धूप मिलती रहे. ऐसा इसलिए, क्योंकि इन पौधों को विशेष देखरेख की आवश्यकता होती है. बोनसाई पौधों की समुचित वृद्धि के लिए इनमें सड़ने वाली रेशेदार वनस्पति, गिरे हुए कोमल पत्ते, नीम की खली, गोबर से बनी खाद का प्रयोग ही करना चाहिए. कीटनाशक दवाओं और रासायनिक खाद के प्रयोग से बचना चाहिए. सही देखरेख के साथ उचित दिशा में लगाए गए बोनसाई पौधे भवन में सकारात्मक ऊर्जा देते हैं. वास्तु दोषों का निवारण भी करते हैं.

वास्तु नियमों के अनुसार, घर



और ऑफिस में अंगूर, अनार, केसर, नीम, आम, संतरा, सेब, चंदन, जयंती, गुड़हल, चंपा, तुलसी, बेल, अशोक, नीम, गुलाब, चमेली आदि के बोनसाई पौधे लगाए जा सकते हैं. जबकि भवन और उसके आस-पास कांटेयुक्त पेड़-पौधे, बेर, दूध निकलने वाले पौधे, कैथल, बरगद, पीपल, बांस, कैक्टस आदि लगाना अशुभ फलदायी होता है. इस तरह के बोनसाई पौधे न सिर्फ नकारात्मक ऊर्जा देते हैं, बल्कि कई तरह की समस्याओं जैसे आर्थिक अभाव, घरेलू विवाद, रोग आदि का कारण भी बनते हैं.

# ब्रेड पकौड़ा

**खाना-खजाना**

### सामग्री :

- ब्रेड स्लाइस
- उबले हुए आलू
- बेसन- 1 कप
- बारीक कटी हरी मिर्च
- बारीक कटा हरा धनिया
- थोड़ा सा तेल

### मसाले

- धनिया पाउडरः 1 छोटा चम्मच
- जीरा पाउडरः 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडरः 1/2 छोटा चम्मच
- हल्दी पाउडरः 1/4 छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- बेकिंग सोडाः 1/4 छोटा चम्मच

### विधि

ब्रेड पकौड़ा बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसकी स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलूओं को छील कर अच्छी तरह से मैश करें। अब एक कढ़ाई लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डालें और फिर बारीक कटी हरी मिर्च, हल्दी और जीरा डालकर भूनें। जीरा सुनहरा होने पर इसमें आलू डालें। इन



आलुओं में अब धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक मिलाएं। जब ये सही से पक जाए तो इसमें कटी हुई धनिया की पत्तियां डालें।

अब इसे ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। जब तक ये ठंडा हो रहा है तब तक बेसन का घोल तैयार करें। इसके लिए एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी पाउडर और बेकिंग सोडा मिलाएं। इसमें धीरे-धीरे पानी डालते हुए गाढ़ा घोल तैयार करें। सबसे आखिर में ब्रेड स्लाइस को तिरछे काटकर दो हिस्सों में बांट लें। हर ब्रेड के टुकड़े पर आलू का मिश्रण फैलाएं और दूसरी ब्रेड का टुकड़ा ऊपर रख दें। अब इन तैयार ब्रेड सैंडविच को बेसन के घोल में डुबोएं और तुरंत निकाल लें। ध्यान रखें कि बेसन का बेटर ज्यादा गाढ़ा न हो। अब एक गर्म तवे पर हल्का सा तेल डालें और उस पर ये बेसन में डूबा ब्रेड सैंडविच रख। अब इसे हर तरफ से सुनहरा होने तक सेकें। कुरकुरा होने के बाद इसे चाय और खट्टी-मीठी चटनी के साथ परोसें।

# सफेद बाल और जुएं कर रहे हैं परेशान, तो ट्राई करें ये 3 उपाय

सफेद बालों की समस्या ऐसी है, जो कभी 40-50 में आती थी. मगर अब यह समस्या कम उम्र के लोगों को भी हो रही है. इसके लिए लोग बालों में कलर या मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं. इन चीजों का ज्यादा इस्तेमाल बालों को और भी ज्यादा डैमेज कर सकता है. छोटे बच्चों के सिर में जूएं होने की समस्या भी एक कॉमन परेशानी है, लेकिन बालों से जूएं हटाना काफी मुश्किल होता है. क्योंकि ये कुछ ही दिनों में पूरे बालों में फैल जाती हैं और अन्य लोगों तक भी पहुंच जाती हैं. डॉक्टर प्रियंका, एक फेमस इंफ्लूएंसर हैं, जो अपने इंस्टाग्राम पेज पर लोगों के साथ रोजमर्रा से जुड़े ऐसे ही हेल्दी टिप्स शेयर करती रहती हैं. जानते हैं जूओं और सफेद बालों की समस्या को लेकर वह क्या कहती हैं.

### सफेद बालों के लिए क्या करें?



### 1.आलू का रस

जिन लोगों के बाल सफेद हैं या दाढ़ी-मूंछें भी सफेद हो रही हैं, उन्हें आलू के रस का इस्तेमाल करना चाहिए. इसके लिए आपको सबसे पहले हेयर वॉश करना है. शैंपू से बाल धोने के बाद आपको आलू के रस से बालों को धोना है. लगभग 10 मिनट तक बालों पर आलू का रस लगा रहने दें, इसके बाद सादे पानी से बाल धो लें. ध्यान रहे, शैंपू के बाद ही आलू का रस बालों में लगाना है. आलू का रस लगाने के बाद कभी भी शैंपू यूज नहीं करना है. इसे आप अपनी दाढ़ी-मूंछों पर भी लगा सकते हैं.

### 2.करी पत्ते का तेल

करी पत्ते को नारियल तेल में मिलाकर तब तक पकाना है, जब तक उसका रंग न बदल जाए. इस तेल को आप ज्यादा मात्रा में बनाकर भी रख सकते हैं. रात को इस तेल से बालों की मालिश करें. यह तेल सफेद बालों को काला करने और नए काले बालों की ग्रोथ में मदद करता है.

### जूएं कैसे हटाएं?

### 3 नमक का पानी.

जूएं साफ करने के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच नमक को पानी में मिलाकर घोल तैयार कर लें. इस घोल से बालों को धोना चाहिए. इसे आपको इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले नॉर्मल तरीके से अपने बालों को वॉश करना है, इसके बाद लास्ट में नमक वाले पानी से बालों को धोना है. नमक के पानी से बाल धोने पर जूएं मर जाती हैं.

# ऐसे चमकाएं तांबे के बर्तन



भारतीय रसोई में हर प्रकार के बर्तन होते हैं. जैसे- स्टील, पीतल, कांच और तांबे के बर्तन. यहां तांबे के बर्तनों की खास अहमियत है. इन बर्तनों का इस्तेमाल पूजा में किया जाता है. खासतौर पर सूर्य देव को जल अर्पित करने के लिए लोग तांबे के लोटे का इस्तेमाल करते हैं. तांबे के बर्तन में खाना खाना या तांबे के गिलास में पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है. तांबे के बर्तनों को लेकर एक समस्या है कि इन्हें नियमित रूप से साफ करना पड़ता है, नहीं तो ये काले पड़ने लगते हैं. हम आपको तांबे के बर्तनों को चमकाने का एक ऐसा तरीका बता रहे हैं जिससे पुराने से पुराने तांबे के काले बर्तन मिनटों में चमक उठेंगे. चलिए, जानते हैं इस नुस्खे के बारे में.

### तांबे के बर्तन को साफ करने का सबसे जबरदस्त नुस्खा

इस नुस्खे की मदद से बर्तन साफ करने के लिए आपको सिर्फ 2 चीज चाहिए होंगी. 2 चम्मच नमक और आधा कप सफेद विनेगर. आपको इन दोनों चीजों को एकसाथ एक कटोरी में मिलाना है. अब जबतक नमक पूरी तरह से विनेगर में घुल न जाए, इसे लगातार चलाते रहें. इस मिक्सचर को घोलने में समय लगेगा, इसलिए धैर्य रखें. जब नमक इसमें पूरा घुल जाए तो समझ जाइए आपका घोल तैयार है.

### बर्तनों को ऐसे चमकाएं

अब आपको नमक और विनेगर वाले घोल को कॉटन की मदद से साफ करना है. थोड़ी सी रूई लेकर मिश्रण में डुबोएं और फिर अपने गंदे बर्तनों को इससे रगड़ें, आप देखेंगे कि चुटकियों में आपके काले तांबे के बर्तन एकदम नए जैसे हो गए हैं. अगर बर्तन ज्यादा हैं तो आप इस घोल को ज्यादा मात्रा में बनाकर, उस घोल में ही सभी बर्तनों को डुबोकर कुछ मिनट के लिए रख दें. आपके बर्तन नए जैसे चमक उठेंगे. तांबे के बर्तन को साफ करने के लिए सिरके की जगह इमले के पानी या फिर नींबू के रस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज पिता के स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। लाभ होगा।

**वृषभ :** आज कार्य की गति धीमी रह सकती है। आशंका-कुशंका के चलते मन अशांत रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। दूसरों के कार्य में दखल न दें। प्रमाद से बचें।

**कर्क :** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी।

**सिंह :** आज कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रमाद न करें।

**कन्या :** मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है।

**तुला :** दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। वस्तु गुम हो सकती है।

**धनु :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम के कार्य टालें।

**मकर :** विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दु:ख होगा।

**कुंभ :** समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। समय अनुकूल है। लाभ लें।

**मीन :** आज लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। राजकीय अवरोध दूर होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### खड़े ट्रेलर में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार, दो महिलाओं की मौत, पांच घायल

**वाराणसी.** वाराणसी में एक बड़े सड़क हादसे में दो महिलाओं की जान चली गई। एक बोलेरो गाड़ी पीछे से ट्रेलर में जा घुसी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मऊ के हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा में डीह तिलक ठाकुर के पास खड़े एक ट्रेलर से बोलेरो जीप के टकरा होने से दो महिलाओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बोलेरो गाजीपुर से बलिया जा रही थी। पुलिस की दी जानकारी के अनुसार बलिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोठाई बलुआ और चकरा गांव की रहने वाली दो लड़कियों समेत पांच महिलाएं गुरुवार की शाम जीप से गाजीपुर स्थित एक मठ में दर्शन के लिए गयी थीं। शुक्रवार की सुबह ये सभी गाजीपुर से मऊ होते हुए बलिया जा रहे थे। सुबह करीब सवा छह बजे मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के डीह तिलक ठाकुर गांव के पास चालक धनंजय यादव को झपकी आ जाने से बोलेरो सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

### चोरी हुई बाइक पहचानी तो आरोपी ने गर्म तेल फेंक तीन सगे भाई-बहन को जलाया

**बहराइच.** बहराइच में पयागपुर इलाके के सत्संग नगर कालोनी में लगे दुर्गा पूजा पंडाल के पास गुरुवार रात ठेला लगाए युवक के सामने इसी गांव निवासी बाइक सवार युवक आया, तो ठेला लगाए युवक ने चोरी गई अपनी बाइक पहचान पकड़ने की कोशिश की। बाइक सवार युवक चूल्हे पर रखी खौलते तेल की कड़ाही पलटकर भाग गया। जिससे युवक व उसकी दो बहनें झुलस गईं। तीनों झुलसे पीड़ितों को सीएचसी ले जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पयागपुर थाने के सत्संग नगर कालोनी निवासी करन विश्वास (24) पुत्र दीनू विश्वास चाट पकौड़ी का ठेला लगा कर परिवार की आजीविका चलाता है। करन की दो बहनें ससुराल से अपने सत्संग नगर कालोनी स्थित मायके में माही सिंह (22) पत्नी पुष्पेंद्र सिंह और पूनम राय (29) पत्नी पिंटू राय कुछ दिनों पूर्व आई हुई हैं। भाई करन जो दुर्गा पूजा पंडाल के पास चाट का ठेला लगाता है उसकी मदद कर रही हैं। करन के पिता की हादसे में मौत हो चुकी थी। उसकी बाइक को गांव के ही युवक ने गायब कर दिया था। गुरुवार को गांव के पंडाल में करन ठेला लगाए था। बाइक सवार युवक को मेला आने पर करन ने अपनी बाइक पहचान लिया। पहचान होते ही उससे बाइक मांगी। भांडा फूटते देख युवक सागर नाराज हो गया। उसने लात मारकर चूल्हे पर चढ़ी कड़ाही पलट दी। जिससे करन, माही व पूनम झुलस गए।

# हरियाणा में फिर नायब सिंह सैनी

- हरियाणा CM का शपथग्रहण 17 को
- तीसरी बार तारीख बदली
- PM मोदी शामिल होंगे
- कैबिनेट में 10 मंत्री शपथ ले सकते हैं



**हरियाणा.** हरियाणा में नए CM का शपथग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को होगा। यह तीसरी बार है जब शपथग्रहण समारोह की तारीख बदली गई है। इससे पहले 12 और फिर 15 अक्टूबर को समारोह होने की बात सामने आई थी। 11 अक्टूबर की शाम को केंद्रीय नेतृत्व ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दिल्ली बुलाया था। यहां सैनी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। जहां देर रात तक बैठक हुई, जिसमें शपथ ग्रहण समारोह और सैनी मंत्रिमंडल पर चर्चा हुई। शनिवार को सैनी वापस हरियाणा आ गए। समारोह में नायब सैनी के साथ विपुल गोयल, महीपाल ढांडा, कृष्ण बेदी, कृष्णलाल पंवार, रणबीर गंगवा, सुनील सांगवान, बिमला चौधरी, लक्ष्मण यादव, अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा शपथ ले सकते हैं।

इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

**ये हो सकते हैं मंत्री**

पानीपत ग्रामीण से जीते महीपाल ढांडा, वल्लभगढ़ से जीते मूल चंद शर्मा, कृष्ण लाल पंवार, कृष्ण कुमार, आरती सिंह राव, ओम प्रकाश यादव, राव नरबीर सिंह, श्रुति चौधरी, शक्ति रानी शर्मा, सावित्री जिंदल, अनिल विज, श्याम सिंह राणा, जगमोहन आनंद, हरविंदर कल्याण, कृष्ण लाल मिड्ढा, अरविंद कुमार शर्मा, विपुल गोयल, निखिल मदान और घनश्याम दास, देवेंद्र अत्तरी को भी मंत्री पद की रेस में शामिल माना जा रहा है। हालांकि, पार्टी ने अब तक आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

# नोएल टाटा बने टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन

- रतन टाटा के बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मुंबई.** नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है। यह बात सीएनबीसी-TV18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को दो मीटिंग्स हुईं। एक बैठक रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए और दूसरी मीटिंग नए चेयरमैन की नियुक्ति के लिए हुई। बता दें कि रतन टाटा का देहांत बुधवार को देर रात मुंबई में हुआ। उनका अंतिम संस्कार कल यानी गुरुवार को हुआ।

**टाटा संस में है 66% हिस्सा**

इस नियुक्ति के साथ ही नोएल टाटा, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के 11वें और सर रतन टाटा ट्रस्ट के छठवें चेयरमैन बन गए हैं। नोएल टाटा, नवल एच. टाटा और सिमोन एन. टाटा के बेटे हैं। नोएल टाटा पहले से ही सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी थे। टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 66 पर्सेंट हिस्सेदारी है। टाटा संस, डायवर्सिफाइड टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है।

## माता मंदिर में शीश चढ़ाने की कोशिश, ब्लेड से काटी गर्दन

- गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**पन्ना.** पन्ना में एक युवक ने देवी माता मंदिर में शीश चढ़ाने की कोशिश की। उसने मंदिर में ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद युवक को अजयगढ़ के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मामला शुक्रवार को पन्ना जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र के केवटपुर गांव का है। भखुरी गांव का निवासी राजकुमार यादव (24) नदी किनारे स्थित बिजासन माता मंदिर पहुंचा और माता के सामने अपनी गर्दन पर ब्लेड चला ली। युवक की गर्दन से खून की धार निकलने लगी।

## नासिक के आर्टिलरी स्कूल में 2 अग्निवीरों की मौत

### फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान शेल ब्लास्ट हुआ था, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी शुरू

नासिक. महाराष्ट्र के नासिक जिले में आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान भारतीय फील्ड गन (तोप) का एक शेल (गोला) फटने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। हादसा नासिक रोड इलाके में आर्टिलरी सेंटर में गुरुवार (9 अक्टूबर) दोपहर को हुई था।

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शित (21) का मौत हुई है। घटना उस वक्त हुई जब अग्निवीरों की एक टीम तोप से फायरिंग कर रही थी, तभी एक शेल (गोला) में ब्लास्ट हो गया।

अधिकारी ने कहा कि विश्वराज और सैफत गंभीर जख्मी हुई थे। उन्हें तत्काल की देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।


अधिकारी ने कहा कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

घटना को लेकर NCP नेता सुप्रिया सुले ने x पर लिखा- नासिक के एक तोपखाने केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान हुए विस्फोट में दो अग्निवीरों की मौत हो गई, ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि, हम सभी दोनों जवानों के परिवारों के दुःख में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय को चाहिए कि वह इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा दें और उनके परिवारों को इसका लाभ दें।

**हरियाणा चुनाव परिणाम पर AAP का बयान : संजय सिंह बोले-**

# कांग्रेसियों ने कांग्रेस को हराया, 17 सीटों पर बागी बने हार की वजह

**नई दिल्ली.** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। अब कांग्रेस पार्टी अपनी हार की समीक्षा करने में जुटी हुई है। इसी बीच, हरियाणा के चुनावी नतीजों पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि कई स्तरों पर रणनीतिक चूक हुई है और इसकी समीक्षा कांग्रेस पार्टी को करनी चाहिए।



अगर आप जम्मू-कश्मीर का चुनाव देखें तो वहां पर इंडिया अलायंस लड़ा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने एक साथ चुनाव लड़ा और प्रचंड बहुमत से वहां पर वह जीते। संजय सिंह ने कहा कि अगर यही प्रयोग हरियाणा में होता और कांग्रेस पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी यही चाह रहा था कि गठबंधन में चुनाव लड़ा जाए।

फिर कैसे स्टेट लीडरशिप ने उन फैसलों को बदल दिया और बगैर गठबंधन के चुनाव में गए। उन्होंने न तो आम आदमी पार्टी के साथ में गठबंधन किया और न ही समाजवादी पार्टी के साथ में अलायंस किया। उन्होंने कहा कि आप 90 सीटों पर लड़े तो आपकी 35 सीटें आईं। आप 80 पर लड़ लेते और पांच से छह सीट गठबंधन के लोगों को दे देते। आज इंडिया अलांयस की 70 सीटें आती।

**हरियाणा में जाट, नॉन जाट राजनीति को रोका जा सकता था**

अरविंद केजरीवाल कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के लिए हरियाणा मे प्रचार करते, तो अलग वातावरण होता। वहां जो जाट, नॉन जाट की राजनीति खेली गई है, उसे भी रोका जा सकता था। हमारी जो जानकारी है कि वहां कांग्रेस के बागी कैंडिडेट खड़े हुए और कांग्रेस के उम्मीदवारों को हराया।

**दिल्ली में अकेले लड़ेगी आम आदमी पार्टी**

आप नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 17 उम्मीदवार ऐसे हैं जो बागियों के खड़े होने की वजह से चुनाव हार गए। अब इसकी जिम्मेदारी किसकी है। जब उनसे सवाल किया गया कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी या इंडिया गठबंधन लड़ेगा तो उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अकेले ही लड़ते आ रही है और इस बार भी अकेले ही चुनाव लड़ेगी। यहां पर हम भारतीय जनता पार्टी को अकेले ही हराने में सक्षम है। जैसे पश्चिम बंगाल में टीएमसी बीजेपी को अकेले हराने में सक्षम है।

**डिप्टी CM बोले- कोई भी कन्नड़ भाषा जाने बिना कर्नाटक में नहीं रह सकता**

# 'स्थापना दिवस पर कन्नड़ झंडा फहराएं'

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के डिप्टी CM डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि एक नवंबर को राज्य के स्थापना दिवस पर बेंगलुरु के सभी स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक भवनों और कारखानों में कन्नड़ झंडा फहराना होगा।

शिवकुमार ने यह भी कहा कि बेंगलुरु शहरी जिले में रहने वाले लगभग 50% लोग दूसरे राज्यों से हैं, और उन्हें भी कन्नड़ सीखने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सरकार ने IT और टेक कंपनियों के लिए झंडा फहराने की फोटो लेकर उन्हें बेंगलुरु महानगर



पालिका में जमा करके डॉक्यूमेंटेशन करवाना भी अनिवार्य कर दिया है। 1 नवंबर 1956 को दक्षिण भारत में कन्नड़ भाषी क्षेत्रों का विलय करके वर्तमान कर्नाटक राज्य की स्थापना की गई थी, तब से हर साल 1 नवंबर को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

शिवकुमार ने सरकार के आदेश के बारे में कहा- 'हम मैसूर राज्य का नाम बदलकर कर्नाटक किए जाने के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। 1 नवंबर कन्नडिगाओं के लिए उत्सव का दिन है। मैंने एक नया कार्यक्रम तैयार किया है, जिसके तहत सभी स्कूलों और आईटी-बीटी क्षेत्र समेत कॉलेजों, कारखानों, व्यवसायों में कन्नड़ ध्वज अनिवार्य रूप से फहराया जाना चाहिए।'

शिवकुमार ने यह भी कहा कि हर किसी को यह महसूस करना चाहिए कि कोई भी कन्नड़ जाने बिना कर्नाटक में नहीं रह सकता।

# उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का दावा पेश किया

**LG सिन्हा से मुलाकात कर पार्टियों के समर्थन पत्र सौंपे**

- 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण संभव



**श्रीनगर.** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार रात करीब 8 बजे श्रीनगर में राजभवन जाकर एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में I.N.D.I.A ब्लॉक की सरकार बनाने का दावा पेश किया।

एलजी से मुलाकात के बाद उमर ने कहा- मैंने एलजी से मुलाकात की और कांग्रेस, CPI (M), AAP और निर्दलीयों से मिले समर्थन पत्र सौंपे। मैंने उनसे शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करने का अनुरोध किया ताकि सरकार काम करना शुरू कर सके। उन्होंने कहा-

यह एक लंबी प्रक्रिया होगी क्योंकि यहां केंद्र का शासन है। एलजी पहले राष्ट्रपति भवन और फिर गृह मंत्रालय को दस्तावेज भेजेंगे। हमें बताया गया है कि इसमें 2-3 दिन लगेंगे। इसलिए अगर यह मंगलवार से पहले होता है, तो हम बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह करेंगे, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस सरकार में जम्मू की अनदेखी नहीं की जाएगी।

10 अक्टूबर को एनसी के विधायक दल की बैठक हुई थी। मीटिंग में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुना गया था। मीटिंग में तय किया गया था कि राज्य सरकार में कोई डिप्टी CM नहीं होगा

नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी कांग्रेस को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। कांग्रेस की ओर से डूरू सीट से विधायक जीए मीर या प्रदेश अध्यक्ष और सेंट्रल शाल्टेंग के विधायक तारिक हामिद कर्रा में किसी एक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल सकता है।

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में I.N.D.I.A ब्लॉक ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की है। गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा 42, कांग्रेस को 6 और CPI(M) को एक सीट मिली। बहुमत का आंकड़ा 46 है।

7 निर्दलीय में से 4 ने नेशनल कांफ्रेंस को समर्थन देने का ऐलान किया। ये चार निर्दलीय- इंदरवल से प्यारे लाल शर्मा, छम्ब से सतीश शर्मा, सूरनकोट से मोहम्मद अकरम और बनी सीट से डॉ रामेश्वर सिंह हैं। AAP को भी एक सीट मिली है, उसका भी NC को समर्थन है।

# कोलकाता रेप-मर्डर : भूख हड़ताल कर रहा डॉक्टर गंभीर

- बेहोश होने के बाद ऑक्सीजन लगाई गई
- IMA ने ममता को लिखा- मांगों पर फौरन एक्शन लें

**कोलकाता.** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में 7 ट्रेनी डॉक्टर 6 अक्टूबर से अनशन पर बैठे हुए हैं। गुरुवार रात ट्रेनी डॉक्टर अनिकेत महतो की कंडीशन क्रिटिकल हो गई। अनिकेत को आरजी कर मेडिकल हॉस्पिटल में ही एडमिट किया गया।

आरजी कर की क्रिटिकल केयर यूनिट (CCU) इन्चार्ज डॉ. सोमा मुखोपाध्याय ने बताया कि अनिकेत को बेहोशी की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। डॉक्टर की हालत गंभीर है, उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। 5 डॉक्टरों की टीम उस पर नजर रखे है।

एक जूनियर डॉक्टर देबाशीष हल्दर ने बताया कि भूख हड़ताल पर बैठा अनिकेत पिछले कुछ दिनों से पानी भी नहीं पी रहा था। 6 और



जूनियर डॉक्टरों की सेहत में भी गिरावट हो रही है। जरूरत को देखते हुए हमने सारे इक्विपमेंट तैयार रखे हैं।इंडियान मेडिकल एसोसिएशन ने भी CM ममता बनर्जी को लेटर लिखा है। जिसमें मांग की गई है कि वे राज्य सरकार डॉक्टरों की मांगों पर तुरंत एक्शन ले, शांतिपूर्ण माहौल और सुरक्षा कोई विलासिता नहीं है। हम अपील करते हैं, इस मुद्दे को सुलझाएं।

आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मेडिकल कॉलेज में मिली थी। इसके अगले दिन से जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक विरोध प्रदर्शन किया था। राज्य सरकार ने डॉक्टरों की मांगें नहीं मानी। जिसके चलते डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर की शाम से भूख हड़ताल शुरू की। इसमें 9 डॉक्टर शामिल हैं, आज भूख हड़ताल का छठवां दिन है।

## कर्नाटक सरकार ने हुबली दंगा केस वापस लिया

- BJP बोली- कांग्रेस आतंकवादियों का समर्थन कर रही
- AIMIM नेता समेत 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए थे

कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार ने 2022 के हुबली दंगों से जुड़े मामले को वापस ले लिया है। इस केस में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के नेता मोहम्मद आरिफ समेत 139 लोगों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज था। इन पर पुलिस पर हमला करने और पुलिस स्टेशन में घुसने की धमकी देने का आरोप था।

केस वापस लेने पर भाजपा ने कांग्रेस पर मुस्लिमों को खुश करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता एन रवि कुमार ने कहा;- कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। यह आतंकवादियों का समर्थन कर रही है और उनके खिलाफ मामलों को वापस ले रही है। जबकि किसानों और छात्रों पर मामले लंबित हैं।

दरअसल, 16 अप्रैल 2022 को हुबली के पुराने पुलिस स्टेशन पर एक हिंसक भीड़ ने हमला कर दिया था। भीड़ ने पथराव किया। इसमें एक इंस्पेक्टर सहित 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ ने पास के हनुमान मंदिर और अस्पताल को भी निशाना बनाया था।

# पुणे गैंगरेप केस में एक संदिग्ध गिरफ्तार



- दो की तलाश जारी
- एक हफ्ते पहले 21 साल की लड़की से गैंगरेप हुआ था

**पुणे.** पुणे में 21 साल की लड़की के साथ गैंगरेप मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक संदिग्ध को पकड़ा है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हालांकि, मामले में एक संदिग्ध को पहले ही पकड़ा जा चुका है। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों के स्केच जारी किए थे। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह नहीं बताया कि इनमें से कोई गिरफ्तार हुआ है या नहीं।

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की 60 से ज्यादा टीम बनाई गई हैं। उनके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपए की इनाम राशि देने की घोषणा भी की गई है।

कोंडवा थाना पुलिस के मुताबिक, यह घटना 3 अक्टूबर की रात बोपदेव घाट इलाके में हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ घाट पर गई थी, जहां रात करीब 11 बजे तीन लोगों ने उसके साथ गैंगरेप किया।

हालांकि, घटना की खबर शुक्रवार सुबह 5 बजे पुलिस को दी गई। पुणे के जॉइंट CP रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध राजेखान करीम पठान को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

**आरोपियों ने दोस्त को पीटा, कपड़े से बांध दिया**

जॉइंट CP रंजन कुमार ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि लड़की अपने दोस्त के साथ घाट के सुनसान इलाके में थी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक आरोपी राजेखान उनकी कार के पास आया और बोला कि इस इलाके में कपल्स का आना मना है। इसके बाद उसने दोनों की तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद आरोपियों में से एक ने लड़की को धमकी देते हुए उसे अपनी कार में जबरन बैठा लिया। दूसरी जगह ले जाने के बाद उन्होंने कार रोकी और उसके साथ गैंगरेप किया। इससे पहले आरोपियों ने उसके दोस्त को कपड़े से बांध दिया था। लड़की अस्पताल में है, उसका इलाज चल रहा है। पुलिस आज ही लड़की का बयान दर्ज करेगी।

# टेस्ट में पहली बार 500 रन बनाकर पारी से हार

- पाकिस्तान ने 556 रन बनाए थे
- इंग्लैंड ने 823 बनाए, PAK 220 पर ऑलआउट



टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई टीम 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी मैच हार गई। यह रिकॉर्ड बना पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान में खेले गए टेस्ट मैच में। इस टेस्ट में पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड की पारी शुरू हुई। हैरी ब्रुक के तिहरे और जो रूट के दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 823 रन बनाए। पाकिस्तान पर इंग्लैंड ने 267 रन की बढ़त ले ली।

पाकिस्तान दूसरी पारी में 220 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने यह मैच पारी और 47 रनों से जीत लिया। 1877 में पहली बार पहला आधिकारिक टेस्ट खेला गया था। उसके बाद पहली बार कोई टीम इस तरह से हारी है।

पाकिस्तान की टीम होम ग्राउंड में पिछले 44 महीनों से कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। मुल्तान टेस्ट जीतकर इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है।

**WTC रैंकिंग में पाकिस्तान 9वें नंबर पर पहुंचा**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2023-25 के साइकिल में पाकिस्तान की टीम ने अब तक 8 मैच खेले हैं जिसमें उनसे 2 में जीत मिली है जबकि 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। उसकी जीत का प्रतिशत अभी 16.67 है और वो अंकतालिका में 9वें नंबर पर पहुंच गई है। वहीं टॉप पर भारत है।

**पहली पारी में 3 शतक, पाकिस्तान का पलड़ा भारी**

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने पहली पारी में 556 रन का स्कोर खड़ा किया। अब्दुल्लाह शफीक (102 रन), कप्तान शान मसूद (151 रन) और सलमान आगा (104 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। सउद शकील (82 रन) ने अर्धशतक जमाया। इंग्लैंड की ओर से जैक लीच ने 3 विकेट झटके। गॉस एक्लिस्टन और ब्रायडन कार्स को 2-2 विकेट मिले।

**इंग्लैंड ने रिकॉर्ड 823 रन बनाए, तिहरा और दोहरा शतक लगा**

556 रन के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी 823/7 के रिकॉर्ड स्कोर पर डिक्लेयर की। 24 साल में कोई टीम पहली पारी में ऐसा स्कोर नहीं बना पाई है। इस पारी की बदौलत इंग्लैंड की टीम को 267 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने 262 और हैरी ब्रूक ने 317 रन की पारियां खेलीं। यहां टेस्ट मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता नजर आ रहा था।

# आतिशी को PWD ने बंगला दिया

- दो दिन पहले सामान बाहर निकाल दिया था

**नई दिल्ली.** दिल्ली की सीएम आतिशी को शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास सौंप दिया गया है। PWD ने प्रोसेस पूरी करने के बाद आतिशी को 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगला आवंटित किया है। आतिशी को वही बंगला दिया गया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे।

इससे पहले बुधवार को फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास को सील कर दिया गया था। PWD ने आतिशी के सामान को भी निकालकर बाहर कर दिया था।

दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 4 अक्टूबर को आवास खाली किया था। तीन दिन पहले ही आतिशी इसमें रहने आई थीं। PWD के अधिकारी बुधवार की सुबह 11-11:30 बजे सीएम आवास आए। उनके मुताबिक, घर का हैंडओवर करने में नियमों का पालन नहीं किया गया था। आतिशी के पास इस घर की चाबियां थीं, लेकिन उन्हें घर अलॉट किए जाने के आधिकारिक दस्तावेज नहीं दिए गए थे। अधिकारियों ने दोपहर तक घर की चाबियां ले लीं। इसे लेकर सीएम ऑफिस ने कहा था, 'इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को उसका घर खाली करने को कहा गया है। LG ने भाजपा के कहने पर जबरदस्ती CM आतिशी का सामान घर से बाहर निकाला। ये सीएम आवास किसी बड़े भाजपा नेता को दिए जाने की तैयारी की जा रही है।

## संक्षेप...

### भिवंडी में पुट्ठा गोदाम में लगी भीषण आग



**भिवंडी.** कोपर ग्राम पंचायत अंतर्गत अरिहंत कॉम्प्लेक्स परिसर में पुट्ठा गोदाम में शाम को भीषण आग लगी.आग लगने से चारों ओर अफरा तफरी मच गई. आग के हादसे से भिवंडी कोपर मार्ग पर भारी यातायात जाम लग गया. आग की चपेट में आकर पुट्ठा गोदाम में रखा हुए 2 सिलेंडर में विस्फोट हो गया.आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा गया पुट्ठा, कागज, प्लास्टिक जलकर राख हो गया. मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग को आगे फैलने से रोका और आग को बुझाने में सफलता हासिल की.

# नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहली बार विमान उतरा

- वायुसेना के C-295 की सफल लैंडिंग
- CM शिंदे भी विमान में बैठे
- एयरपोर्ट मार्च में शुरू होगा

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के विमान C-295 ने सफल लैंडिंग की। यह रनवे टेस्टिंग ट्रॉयल था। विमान में महाराष्ट्र के CM एकनाथ शिंदे भी बैठे नजर आए।

एयरपोर्ट ऑपरेटर के अनुसार, भारतीय वायुसेना का ट्रांसपोर्ट कैरियर C295 दोपहर 12.14 बजे एयरपोर्ट के साउथ रनवे 26 पर उतरा। विमान को वाटर कैनन



सलामी भी दी गई। इस एयरपोर्ट का निर्माण अडाणी ग्रुप ने किया है। मार्च 2025 तक एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट की कैपेसिटी 10-11 करोड़ पैसेंजर्स की है।

### एयरपोर्ट 18000 करोड़ रुपए में बना

अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट बिजनेस में 60,000 करोड़ रुपए खर्च करने



जा रही है। अडाणी ग्रुप अगले 10 साल में रनवे, टैक्सी वे, एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड और टर्मिनल के साथ सिटी साइड इंफ्रास्ट्रक्चर पर यह खर्च करेगा। नवी मुंबई एयरपोर्ट के पहले फेज के डेवलपमेंट के लिए 18,000 करोड रुपए खर्च किए हैं। इसके मार्च 2025 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। इस इन्वेस्टमेंट को मिलाकर अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट डेवलपमेंट के लिए टोटल 78,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### 2040 तक 25 से 30 करोड़ कैपेसिटी डेवलप करेगी कंपनी

अडाणी ग्रुप ने साल 2021 में मुंबई एयरपोर्ट का अधिग्रहण किया था और JVK ग्रुप से नवी मुंबई एयरपोर्ट लिया है, इसका कंस्ट्रक्शन लास्ट फेज में हैं। इनकी कैपेसिटी अभी 10 करोड़ से 11 करोड़ पैसेंजर्स की है। ग्रुप अगले 16 साल यानी 2040 तक इनकी कैपेसिटी 25 से 30 करोड़ यात्रियों की करने पर फोकस कर रहा है।

# अजित पवार ने कैबिनेट मीटिंग छोड़ी

- बोले- परमिशन लेकर बाहर आया
- रिपोर्ट्स का दावा- CM शिंदे और पवार में कहासुनी हुई



**मुंबई.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सिर्फ 10 मिनट के भीतर ही कैबिनेट मीटिंग छोड़कर चले गए। मीटिंग 10 अक्तूबर को हुई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार पवार के बैठक से चले जाने के बाद 38 फैसले लिए गए। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुछ सुझाव रखे, जिनसे अजित सहमत नहीं थे। इसे लेकर दोनों में खूब नोक-झोंक हुई और फिर अजित बैठक से चले गए।

बताया जा रहा है कि कुछ प्रस्ताव बारामती से संबंधित थे और शरद पवार ने भेजे थे। इससे उनके भतीजे अजित नाराज हो गए और उन्होंने मंजूरी देने से इनकार कर दिया। अजित पवार के पास राज्य के वित्त मंत्रालय का जिम्मा है। इससे पहले भी वे कैबिनेट के कुछ प्रस्तावों जता चुके हैं।

दरअसल, महाराष्ट्र की महायुति सरकार नवंबर में होने वाले चुनावों से पहले वोटर्स को लुभाने के लिए जोर लगा रही है। पिछली कैबिनेट बैठकों में भी कई घोषणाएं की जा चुकी हैं।

### लातूर में मीटिंग थी, मुझे फ्लाइट पकड़नी थी- अजित

हालांकि, अजित पवार ने इस पर कहा कि मैं सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से अनुमति लेकर मीटिंग से गया था। मेरी लातूर में मीटिंग थी। मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं मीटिंग छोड़कर चला गया। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ अपने मतभेदों पर कोई जवाब नहीं दिया। वहीं, NCP सांसद सुनील तटकरे ने कहा कि महायुति में कोई मतभेद नहीं है। कैबिनेट बैठक से जल्दी चले जाने को इससे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

घटना ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव में हार के बाद अजित पवार की NCP और भाजपा गठबंधन पर गहन चिंतन हो रहा है। RSS के कई पदाधिकारी भी लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को इस गठजोड़ का नतीजा मान रहे हैं।

हाल ही में उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने भी कहा था कि NCP के वोट ट्रांसफर न होने से आम चुनाव में खराब प्रदर्शन रहा। चुनाव में महायुति गठबंधन 48 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 17 सीटें ही जीत पाया। इनमें भाजपा को 9, शिवसेना को 7 और अजित पवार की NCP को सिर्फ 1 सीट मिली थी।

# अंबरनाथ में भस्म आरती, अघोरी नृत्य का आयोजन



- हम भस्म आरती शहर में जल्द ही करेंगे
- विधानसभा चुनाव को देखते हुए अरविंद वालेकर ने दिया बयान

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव सर पर हैं. ऐसे में शहर शिवसेना शिंदे गट के नेताओं में आपसी नाराजी देखी जा रही है. शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने उनके ही पक्ष के विधायक का नाम लिए बिना शब्दों से वार करते हुए कहा है कि अपना बाप कौन है, ये कुछ लोगों को मालूम नहीं है. ऐसों को हम जल्द ही अघोरी नृत्य दिखाएंगे.

शहर के भवानी चौक खुंटवली में बुधवार को अघोरी नृत्य और भस्म आरती जयभवानी सेवा मंडल की ओर से आयोजित किया गया था. जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित थे. उस समय मंडल एवं शहर शिवसेना प्रमुख अरविंद वालेकर ने ये बात कही है. उन्होंने आगे कहा कि ये भस्म आरती बड़े पैमाने पर जल्द ही की जाएगी और अंबरनाथवासी उसे जल्द देखेंगे. लेकिन इस चुनाव में अरविंद वालेकर क्या करने वालें हैं, ये बताया नहीं जा सकता. मंडल के उपाध्यक्ष निखिल वालेकर ने पत्रकारों से कहा कि उज्जैन में होने वाली भस्म मारती और काशी का अघोरी नृत्य, उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने पेश किया है. भस्म को बड़े पैमाने पर हवा में उडाया गया.

निखिल ने कहा कि अंबरनाथ शहर में हुई इस भस्म आरती से शहर पर फैला काला साया है, वह निकल जाएगा और अंबरनाथ का विकास होगा. उस समय राजेश वालेकर, मनिषा वालेकर व सेना के पूर्व नगरसेवक उपस्थित थे. विदित हो कि इसी मंडल द्वारा गत वर्ष कालीचरण महाराज की उपस्थित में शिवचरण तांडव स्त्रोत पेश किया गया था.

# तेलगू समाज ने धूमधाम से मनाया बतुकम्मा पर्व

- भक्तों ने देवी माता का गीत गाकर, वंदन कर किया विसर्जन

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में लाखों की तादाद में रहने वाले तेलगु समाज द्वारा नवरात्रि पर्व पर तेलगु समाज की आराध्य देवी बतुकम्मा देवी का धार्मिक पर्व हर्षोल्लास एवम धूमधाम से मनाया गया. बतुकम्मा देवी को धार्मिक रूप से अपार श्रद्धा भक्ति से पूजा, अर्चना,नृत्य कर स्वच्छ जल में विसर्जन किया गया. कोंबड पाड़ा स्थित विसर्जन घाट पर देवी भक्तों का उत्साहवर्धन एवम स्वागत करने के लिए भाजपा विधायक महेश चौगुले, एकनाथ शिंदे गट जिलाध्यक्ष सुभाष माने, भाजपा



जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष शेट्टी, पूर्व नगरसेवक सुमित पाटील, भाजपा वरिष्ठ नेता,समाजसेवी कृष्णा गार्जेगी, अखिल पद्मशाली समाज भिवंडी अध्यक्ष रामकृष्ण वटवतीने, कार्याध्यक्ष राजू गार्जेगी, खजांची सागर येल्ले, सेक्रेटरी कल्याणम, नागेश जंपाल, श्रीनिवास आडीगोप्पुला, श्रीधर रुद्रा, नागेश जंपाल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे. गौरतलब हो कि,भिवंडी में तेलगु समाज द्वारा नवरात्रि के दौरान ही 9 दिनों तक अपने घरों में दुर्गा माता की प्रतिमूर्ति फूलों से निर्मित बतुकम्मा देवी को विराजित कर पूजा-अर्चना की जाती है. नवरात्रि के आखिरी दिन बतुकम्मा देवी को घर के सामने विराजित कर महिलाएं माता के चारों तरफ घूमकर धार्मिक गीत गाकर माता की पूजा,अर्चना करतीं हैं. माता की भक्ति में सरोबार महिलाओं द्वारा नए परिधान धारण कर बतुकम्मा माता की पूजा, अर्चना एवम गीत गाकर फूलों से निर्मित देवी माता का विसर्जन वराल देवी घाट,नदी नाका तिलक घाट एवम कोबड़ पाड़ा में निर्मित कृत्रिम घाट पर अपार श्रद्धा के साथ किया गया.

वराल देवी विसर्जन घाट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल फाउंडेशन सहित भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा एवम मनपा सहित अन्य तेलगु सामाजिक संस्थाओं द्वारा मंच लगाकर देवी भक्तों का स्वागत किया गया.

# मनपा कर्मियों को 14,200 सानुग्रह अनुदान घोषित

**भिवंडी.** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शीघ्र लगने वाली आचार संहिता को देखते हुए मनपा आयुक्त अजय वैद्य की अध्यक्षता में मनपा यूनियन पदाधिकारियों की मुख्यालय सभागृह में बैठक हुई.बैठक में दीवाली पर मनपा कर्मियों को सानुग्राह अनुदान के रूप में 14,200 रुपए देने की घोषणा मनपा आयुक्त वैद्य द्वारा यूनियन पदाधिकारियों से चर्चा कर सर्वसम्मत से हुई.उक्त मौके पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके,मुख्य लेखाधिकारी किरण हिंगाने, लेबर फ्रंट यूनियन अध्यक्ष एड किरण चेन्ने,लेबर फ्रंट यूनियन महासचिव संतोष चव्हाण सहित मनपा की अन्य कामगार यूनियन पदाधिकारी भानुदास भसाले, विकास निकम, श्रीपद तांबे,राजेंद्र कबाड़ी, महेंद्र कुंभारे आदि मौजूद थे.

गौरतलब हो कि विधानसभा चुनाव के लिए आगामी सप्ताह में ही आचार संहिता लगाए जाने की प्रबल संभावना है.आचार संहिता के पूर्व ही मनपा प्रशासन को आर्थिक मुद्दों से संबंधित तमाम जरूरी कार्यों को निपटाना पड़ता है. आगामी नवंबर माह में होने वाली दीवाली पर्व पर मनपा कर्मचारियों को मनपा प्रशासन द्वारा प्रति वर्ष सानुग्रह अनुदान देना पड़ता है.चुनावी आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आयुक्त अजय वैद्य ने यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की और मनपा की खराब माली हालत की जानकारी देते हुए कहा कि टैक्स वसूली से मनपा का कामकाज चल रहा है. टैक्स वसूली बेहद कम होने से मनपा की आर्थिक हालत खराब हो चुकी है. मनपा कर्मियों को टैक्स वसूली पर विशेष ध्यान देना चाहिए.


STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : MR. RAJESH Mob. No. : 9307579475


### सतगुरु शहंशाह साईं वसणशाह साहिब की 130वीं वर्सी के उपलक्ष्य में

# उल्हासनगर में 9 दिवसीय वर्सी महोत्सव

उल्हासनगर. कैम्प-5 स्थित पूज्य साई वसणशाह दरबार के माध्यम से सतगुरु शहंशाह साईं वसणशाह साहिब की 130वीं वर्सी के उपलक्ष्य में 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच वर्सी महोत्सव का आयोजन किया गया है. गुरुवार की दोपहर उक्त धार्मिक महोत्सव की अधिक जानकारी देते के लिए दरबार के दास कमलेश (काली) पूज्य साई परमानंद साहिब ने बताया कि महोत्सव का आगाज 21 अक्टूबर को होगा, हर साल की तरह इस वर्ष भी सतगुरु साई पारुल शाह साहिबजी की अपार कृपा दृष्टि और बाबा साई राम परमानंद पूज्य साईं आत्मारामजी की प्रेरणा व साईं




कालीराम साई पूज्य साई साहिब की उपस्थिति में आस्था, श्रद्धा व उत्साह के साथ महोत्सव धार्मिक विधियों के साथ मनाया जाएगा. महोत्सव स्थल पर जोरदार तैयारियां शुरू है. दरबार व परिसर को सजाने का काम अंतिम चरण में है. उल्हासनगर 5 स्थित दरबार में श्री अखंड पाठ साहिब का 21 अक्टूबर को दोपहर 200 बजे से शुभारंभ होगा, इसी के साथ ब्राह्मणों का भोजन कराया जाएगा। उसके बाद रोजाना 9 दिनों तक भंडारा चलता रहेगा। तथा रोज रात 9 बजे से भजन कीर्तन किया जाएगा जिसमें संत महापुरुष आकर आशीर्वाद देंगे और ज्ञानी भगत और कई कलाकार भाग लेंगे। आखिरी में मंगलवार को सुबह 8 बजे वर्सी साहिब का पल्लव होगा। पूज्य साई परमानंद साहिब ने अपील करते हुए कहा कि सभी प्रेमीजन अपने परिवार सहित इस पावन महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्मलाभ उठाये. और साईं वसण शाह साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी मनोकामना पूर्ण करते हुए जीवन को सफल बनाये।

# SST कालेज : ऑनलाइन धोखाधड़ी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागृति

**उल्हासनगर.** वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, उल्हासनगर 4 के एसएसटी महाविद्यालय की डीएलएलइ इकाई के स्वयंसेवकों ने पवई चौक स्थित माँशक्ति सेवा संस्था, लायन्स क्लब में नवरात्रि उत्सव के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी कैसे होती है और उससे



बचने के लिए क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए, इस पर प्रभावी संदेश दिया गया। करीब 1000 से अधिक नागरिकों ने इस नुक्कड़ नाटक का आनंद लिया और महाविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। संस्था की ओर से स्वयंसेवकों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में और डीएलएलइ इकाई के जिला समन्वयक प्रो. दिलीप आहूजा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने किया अपने पहले वेब सीरीज प्रोडक्शन

# आदि शंकराचार्य का ट्रेलर लॉन्च




**बेंगलुरु.** वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज "आदि शंकराचार्य" का ट्रेलर लॉन्च किया। गुरुदेव ने कहा, ₹ज्ञान को समय-समय पर पुनर्जीवित करना आवश्यक है। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान को पुनर्जीवित किया। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और कर्म को एकत्र किया। उनका यही संदेश था कि जीवन दुख नहीं बल्कि आनंद है।₹

यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीज़न 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे।

श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने बताया कि ₹आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं जिनका नाम तो प्रसिद्ध है लेकिन उनके जीवन की कहानी बहुत से लोगों को पता नहीं है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन महत्वपूर्ण था, जिसमें उन्होंने देश भर में यात्रा की और सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया। उनके द्वारा स्थापित परंपराएं आज भी जीवित हैं और वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया, ₹यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देश भर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं । आदि शंकराचार्य के ट्रेलर का इस महत्वपूर्ण दिन पर विमोचन भारत के आध्यात्मिक अतीत की ओर एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत को दर्शाता है। यह सीरीज 1 नवंबर से आर्ट ऑफ लिविंग ऐप पर उपलब्ध होगी जो इस महान राष्ट्रीय नायक की प्रेरणादायक जीवन की कहानी को विश्व भर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।

# शिल्पा शेट्टी को HC से राहत

- ED ने दो मकान खाली करने का नोटिस दिया था
- कोर्ट ने कहा- अभी कार्रवाई मत करें


शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ईडी की ओर से जारी बेदखली नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट का कहना है कि जब तक संपत्ति कुर्की आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अपीलेट ट्रिब्यूनल सुनवाई नहीं कर लेता, तब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

दरअसल, 27 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिल्पा शेट्टी और कुंद्रा को मुंबई



के जुहू में उनके घर और पुणे में एक फॉर्म हाउस को 10 दिनों के अंदर खाली करने का नोटिस जारी किया था। कपल ने इसके खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। साथ ही इसे अवैध और मनमानी पूर्ण बताते हुए रद्द करने की मांग की थी।

वहीं, जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पीके चव्हाण की बेंच ने गुरुवार को इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को स्टे के लिए आवेदन करने की अनुमति दी। कोर्ट ने कहा कि जब तक अपीलेट ट्रिब्यूनल उनकी अपील पर फैसला नहीं करता, तब तक बेदखली नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट ने यह भी कहा, अगर अपीलेट ट्रिब्यूनल उनके खिलाफ फैसला देता है, तो उसे लागू करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाएगा।



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099